# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या :........................................../सम्ब.अनु./2023

दिनांक :. ..................................................

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त अनुदानित सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय/महोदया,

कृपया महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता निर्धारित किये जाने विषयक डॉ0 मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष, लुआक्टा के संलग्न पत्र दिनांक 24.04.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उल्लेखनीय है कि सहयुक्त महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा निर्धारित की जाती है।

अतः उपरिसंदर्भित पत्र दिनांक 24.04.2023 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की वरिष्ठता निर्धारित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : AF- 9502 - 05 दिनांक : 25/04/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित समस्त अनुदानित सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर खीरी) को प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि संदर्भित वरिष्ठता निर्धारित कराने का कष्ट करें।
4. डॉ0 मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष, लुआक्टा।
5. गार्ड फाईल।

24-4-23

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

Mobile : 7991200567, Email: registrar@lkouniv.ac.in

**Lucknow University Associated College Teacher's Association (LUACTA)**
**लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा)**

**डॉ० मनोज पाण्डेय,** अध्यक्ष
विधि विभाग,
जय नरायण पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ
मोबाइल: 9415494777, 9415066192
ईमेल: drmanojpandeylko@gmail.com

**डॉ० अंशु केडिया,** महामंत्री
समाजशास्त्र विभाग
ए०पी०सेन मेमो० गर्ल्स महाविद्यालय, लखनऊ
दूरभाष: 0522–4002671
मोबाइल: 9415755051
ईमेल: akedia43@yahoo.in

दिनांक 24.04.23

सेवा मे,

कुलसचिव
ल० वि० वि०, लखनऊ

विषय :- लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयो की वरिष्ठता सूची के संबन्ध मे

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबन्ध मे लुआक्टा द्वारा पूर्व मे पत्र प्रेषित कर महाविद्यालयों के शिक्षको की वरिष्ठता सूची के निर्धारण हेतु आपसे आग्रह किया गया था। आप अवगत है कि वि०वि० की विभिन्न समितियो मे शिक्षको का प्रतिनिधित्व वरिष्ठता के आधार पर ही होती है। वर्तमान मे शैक्षिक सत्र अपने अवसान की ओर अग्रसर है, एवं कुछ शिक्षक 30 जून को अवकाश ग्रहण कर लेगे। वरिष्ठता सूची का निर्धारण न होने के कारण शिक्षको मे वरिष्ठता को लेकर भ्रम की स्थिति है, एवं वर्तमान मे विश्वविद्यालय से चार ~~...~~ नये जिले, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर एवं हरदोई के जुड़ जाने के पश्चात यह अत्यन्त आवश्यक भी है।

अतः आपसे आग्रह है कि ल० वि० वि० से सहयुक्त महाविद्यालयो के शिक्षको की वरिष्ठता सूची निर्धारित करने हेतु सहयुक्त महाविद्यालयो के प्राचार्यों को तत्काल निर्देश प्रदान करने का कष्ट करे। संघ आपका आभारी रहेगा।

सादर

भवदीय

(डॉ मनोज पाण्डेय)

05(AF)
24.4.23